**B–2–X**

Roll No.. ........

Total No. of Questions : 13] [Total No. of Printed Pages : 8

# 10th SZJDAR22
# 6202–X
# HINDI

**Time : 2.30 Hours]** **[Maximum Marks : 80**

**(खण्ड–क)**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

धन का व्यय विलास करने से केवल क्षणिक आनन्द की प्राप्ति होती है। यह धन का दुरुपयोग है, किन्तु धन का सदुपयोग सुख और शान्ति देता है। उनके द्वारा जो सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण कार्य हो सकता है वह है परोपकार। भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगियों को दवा, अनाथों को घर-द्वार और विद्यार्थियों के लिए पाठशालाएँ आदि धन के द्वारा जुटाई जा सकती हैं।

(क) धन के द्वारा परोपकार कैसे किया जा सकता है ?

(ख) धन का दुरुपयोग और सदुपयोग क्या है ?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2×3=6

**(खण्ड–ख)**

2. निम्नलिखित में से अलंकार छाँटिए :

(क) देख लो साकेत नगर है यही।
स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही॥

(i) यमक (ii) अतिशयोक्ति

(iii) रूपक (iv) उपमा



https://www.jkboseonline.com

**अथवा**

रघुपति राघव राजा राम।

(i) श्लेष (ii) रूपक

(iii) अनुप्रास (iv) अतिशयोक्ति 1×2=2

(ख) निम्नलिखित पदों में छंद बताइए :

राम भजन बिनु सुनहु खगेस।

मिटहिं न जीवन करे कलेस॥

(i) दोहा (ii) चौपाई

(iii) कवित्त (iv) सोरठा

**अथवा**

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।

चन्दन विष व्यापै नहीं, लपटे रहत भुजंग॥

(i) चौपाई (ii) सोरठा

(iii) दोहा (iv) कवित्त 1×2=2

3. निम्नलिखित रेखांकित वाक्यों में दिए गए पदबंध का नाम बताइए :

(क) रमेश पढ़कर सो गया। 1

(i) सर्वनाम (ii) संज्ञा

(iii) क्रिया (iv) विशेषण

(ख) आपत्तिकाल में साथ देने वाले तुम सच्चे मित्र हो। 1

(i) संज्ञा (ii) विशेषण

(iii) सर्वनाम (iv) क्रिया



https://www.jkboseonline.com

(ग) निम्नलिखित पंक्ति में वाक्य का नाम बताइए :

अशोक पुस्तक पढ़ता है परन्तु शीला नहीं पढ़ती।

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य (iv) इनमें से कोई नहीं 1

(घ) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

हमें दीन-दु:खियों के .................. चाहिए।

(i) हाथ पोंछना (ii) आँसू पोंछना

(iii) पसीना पोंछना (iv) खून पोंछना 1

4. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) सन्धि-विच्छेद कीजिए :

रवीन्द्र

(i) रवी + इन्द्र (ii) रवि + इन्द्र

(iii) रवि + ईन्द्र (iv) इनमें से कोई नहीं 1

(ख) 'पंचवटी' में कौनसा समास है ?

(i) कर्मधारय (ii) द्वन्द्व

(iii) द्विगु (iv) बहुव्रीहि 1

(ग) निम्नलिखित में कौनसा पद द्विगु समास है ?

(i) चारपाई (ii) नीलकंठ

(iii) नीलगाय (iv) चौमासा 1

(घ) निम्नलिखित वाक्य में आई क्रिया के नाम पहचानिए :

राधा मूर्ति बनाती है।

(i) सकर्मक (ii) अकर्मक

(iii) प्रेरणार्थक (iv) द्विकर्मक 1



https://www.jkboseonline.com

5\. (क) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक **शब्द** लिखिए (केवल **दो**) :

उत्तर, अतिथि, काल। $2 \times 1 = 2$

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :

(i) नीचे लिखा हुआ

(ii) आत्मा से संबंध रखने वाला

(iii) साथ पढ़ने वाला $2 \times 1 = 2$

(ग) निम्नलिखित में से केवल **दो** शब्दों में उपसर्ग ढूँढ़कर लिखिए :

अवनति, दुर्गम, अनुचर, सुपुत्र। $\frac{1}{2} \times 2 = 1$

(घ) निम्नलिखित में से केवल **दो** शब्दों में प्रत्यय ढूँढ़कर लिखिए :

पुत्री, गुणवान, लड़ाकू, भवानी। $\frac{1}{2} \times 2 = 1$

6\. (क) 'कवि' शब्द की भाववाचक संज्ञा **है** :

(i) कवि (ii) कविता

(iii) कवित्व (iv) इनमें से कोई नहीं 2

(ख) सर्वनाम किसे कहते हैं ? इसके **भेदों** के नाम लिखिए। 2

## (खण्ड–ग)

7\. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए **प्रश्नों** के उत्तर लिखिए :

दान करके तुम सब ही बन जाओ दानी,
कलम कवियों की लिखती रहे यह कहानी।
कदर मानवता की ही होती है आई,
है भारत की यही एकमात्र निशानी॥
सबसे बड़ा दान तुम इसको जानो,
दहेज के नाम पर न लेंगे चवन्नी।



https://www.jkboseonline.com

(क) क्या करके तुम सब दानी बन जाओगे ?

(i) पाप (ii) पुण्य

(iii) दान (iv) काम

(ख) भारत की एकमात्र निशानी क्या है ?

(i) मित्रता (ii) शत्रुता

(iii) मानवता (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) कलम कवियों की ............ रहे यह कहानी।

(घ) कदर .................. की ही होती है आई। 1×4=4

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हरिहर काका की जिंदगी में मैं बहुत गहरे में जुड़ा हूँ। अपने गाँव में जिन चन्द लोगों को मैं सम्मान देता हूँ, उनमें हरिहर काका भी एक हैं। हरिहर काका के प्रति मेरी आसक्ति के अनेक व्यावहारिक और वैचारिक कारण हैं। उनमें प्रमुख कारण दो हैं। एक तो यह है कि हरिहर काका मेरे पड़ोस में रहते हैं और दूसरा कारण यह है कि मेरी माँ बताती है, हरिहर काका बचपन में मुझे बहुत दुलार करते थे। अपने कंधे पर बैठाकर घुमाया करते थे।

(क) लेखक अपने गाँव में कितने लोगों को सम्मान देता है ?

(i) दो लोगों को (ii) चार लोगों को

(iii) चन्द लोगों को (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) हरिहर काका किसको कंधे पर बैठाकर घुमाया करते थे ?

(i) लेखक को (ii) अपने बेटे को

(iii) दोस्त को (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या सम्बन्ध है ?

(घ) लेखक की हरिहर काका के प्रति आसक्ति के क्या कारण हैं ? 1×4=4



https://www.jkboseonline.com

9. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर **30–40** शब्दों में लिखिए :

(i) भारत का कौनसा सम्राट (बौद्ध) भिक्षु बन गया था ?

(ii) झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं ?

(iii) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है ?

(iv) कवि ने नारी को कैसी वाणी बोलने को कहा है ? 2×3=6

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर **30–40** शब्दों में लिखिए :

(i) 'बाँऽ पात्थर' किसे कहते हैं ? https://www.jkboseonline.com

(ii) ललितकलाएँ कितने प्रकार की हैं ? उनके क्या नाम हैं ?

(iii) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

(iv) जम्मू-कश्मीर राज्य के तीन मुख्य क्षेत्र कौन-कौनसे हैं ? 2×3=6

10. (क) हिन्दी कहानी का संक्षेप में विकास लिखिए। 3

(ख) एकांकी और नाटक में अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) छायावाद पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 3

**(खण्ड–घ)**

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) मेरे जीवन का उद्देश्य

(ख) बढ़ती जनसंख्या—एक समस्या

(ग) समाचार-पत्रों का महत्त्व 8

12. आपके मुहल्ले में चोरी की घटनाएँ बहुत होने लगी हैं। नगर के पुलिस अधीक्षक को मुहल्ले की सुरक्षा के लिए पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र लिखिए। 6

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कबीर के गुरु का क्या नाम है ?

(क) रामानंद

(ख) परमानंद

(ग) सदानंद

(ii) सदा से अतिथि हमारे क्या रहे हैं ?

(क) बोझ

(ख) देव

(ग) भिखारी

(iii) नारी को सबका ............ करना चाहिए।

(क) अपमान

(ख) अनादर

(ग) आदर

(iv) पर्वत का यशगान कौन गा रहे हैं ?

(क) झरने

(ख) वृक्ष

(ग) पत्थर

(v) 'वर्ग-भेद' को कौन मिटा सकती है ?

(क) अंग्रेज़ी

(ख) हिन्दी

(ग) बंगला



https://www.jkboseonline.com

(vi) हरिहर काका की कितनी शादियाँ हुईं ?

(क) एक

(ख) दो

(ग) तीन

(vii) हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बाँटा गया है ?

(क) दो

(ख) चार

(ग) पाँच

(viii) उपन्यास के कितने तत्व माने जाते हैं ?

(क) तीन

(ख) चार

(ग) पाँच

(ix) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' के कवि का नाम है :

(क) महादेवी वर्मा

(ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) गिरिजाकुमार माथुर

(x) मुंशी प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था ?

(क) मूलराय

(ख) धनपतराय

(ग) प्रेमचंद

1×10=10



https://www.jkboseonline.com